न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर

पीठासीन अधिकारी ए.एच.गौरी आर.ए.एस

अपील संख्या 69/2020 एल आर एक्ट (GCMS No 2020/00069)

**अनवान संतलाल मोदी बनाम स्टेट**

अपील विरूद्व आदेश– जिला कलक्टर हनुमानगढ दिनांक 21.11.2012

| तारीख | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियन्स जज | नम्बर व तारीख अहकाल जो इस हुक्म की तामील में जारी हुऐ |
|---|---|---|
| 20.04.2022 | पत्रावली प्रस्तुत हुई। प्रस्तुत अपील जिला कलक्टर हनुमानगढ द्वारा पारित निर्णय दिनांक 21.11.2012 के विरूद्व राजस्व अपील अधिकारी श्री गंगानगर कैम्प हनुमानगढ के समक्ष प्रस्तुत की गई। राजस्व अपील अधिकारी हनुमानगढ ने राजस्थान सरकार राजस्व (ग्रप–6) विभाग की जारी अधिसूचना नं. 1 (17) राजस्व–6/2019/112 दिनांक 17.10.2019 के परिपेक्ष में इस न्यायालय को हस्तान्तरित की गई। प्रस्तुत अपील में अपीलान्ट एवं उसके अभिभाषक इस न्यायालय में उपस्थित नही होने पर इस न्यायालय द्वारा अपीलान्ट के निमित नोटिस जारी किये गये। अपीलान्ट के निमित जारी नोटिस पर अपीलान्ट का फौत होने की रिर्पोट होकर प्राप्त हुआ है। फौत होने की रिर्पोट स्वय अपीलान्ट के पुत्र ने की है। इस प्रकार अपील में अपीलान्ट के अभिभाषक द्वारा उपस्थित नही होने तथा अपीलान्ट का फौत होने पर उनके वारिसानो द्वारा भी उपस्थित नही होने पर आवाज लगवाई गई, बावजूद आवाज के उपस्थित नही होने पर पत्रावली अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज की जाती है।<br>पत्रावली नम्बर से कम हो। आदेश की प्रमाणित प्रति अधीनस्थ न्यायालय को भेजी जाकर पत्रावली बाद तरतीब, तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया।<br>अति.संभागीय आयुक्त<br>बीकानेर | निर्णय प्रति भेजी<br>302/12-5-22 |